## खबर संक्षेप



### तेंदुए को भगाने बैंड-बाजा और आतिशबाजी

**बरही।** क्षेत्र में पिछले 10 दिनों से तेंदुआ की चहलकदमी से ग्रामीण दहशत में है। तेंदुआ को अब तक वन विभाग पकड़ नहीं पाया है। कई बार पिंजड़े में बकरा बांधकर तेंदुए को पकड़ने की कोशिश की गई, लेकिन तेंदुआ हर बार चकमा देकर निकल जाता है। लगातार हो रहे हमलों से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ऐसे हालात में अब वन विभाग ने तेंदुए को खदेड़ने के लिए बैंड-बाजा और आतिशबाजी का सहारा लेने का निर्णय लिया है। योजना के तहत ढोल-नगाड़ों, पटाखों और शोर-शराबे की मदद से तेंदुए को आबादी वाले क्षेत्र से दूर भगाने की कवायद की जाएगी। ग्रामीणों को भी इस मुहिम में शामिल करने की तैयारी है ताकि सामूहिक प्रयास से जानवर को गांव से खदेड़ा जा सके। बरही रेंजर गोविंद नारायण शुक्ला ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों को स्थिति की जानकारी दी गई है और अतिरिक्त मदद मांगी गई है। लेकिन तत्काल समाधान के लिए शोर-शराबे का यह अनोखा तरीका अपनाया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि बैंड-बाजा और आतिशबाजी से तेंदुआ अगर भागता है तो राहत मिलेगी, वरना हर दिन मवेशियों और इंसानों की जान पर खतरा बना रहेगा।

### जिला सीईओ आज करेंगे योजनाओं की समीक्षा

**कटनी।** जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत की अध्यक्षता में शुक्रवार ,12 सितंबर को विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक अपराह्न 12 बजे से आयोजित होगी। बैठक में जिला पंचायत के सीईओ श्री गेमावत मध्याह्न भोजन कार्यक्रम (एमडीएम), मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), पंद्रहवां वित्त/पंचायत निर्माण, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम), स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना( वाटरशेड), जनसुनवाई सहित अन्य स्तरों पर प्राप्त शिकायतों की समीक्षा, विधि, आरजीएसए एवं सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों के निराकरण की बिंदुवार विस्तार से समीक्षा करेंगे। जिला पंचायत सीईओ श्री गेमावत ने कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों, जिला पंचायत के सभी शाखा प्रभारी अधिकारी, सहायक यत्रियों, उपयंत्री, एपीओ, एएओ मनरेगा, बीसी प्रधानमंत्री आवास योजना एवं स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), ब्लॉक मैनेजर (एनआरएलएम), समस्त जनपद शिक्षा केंद्रों के विकास खंड स्त्रोत समन्वयक को निर्धारित एजेंडा के अनुसार अद्यतन जानकारी के साथ निर्धारित समय पर समीक्षा बैठक में उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया है।

### युवक पर चाकू से हमला, हालत गंभीर, रेफर

**कटनी।** कोतवाली थाना क्षेत्र के नदी पार इलाके में चाकूबाजों ने फिर एक वारदात को अंजाम दिया। हमलावरों ने एक युवक को चाकू मार कर लहूलुहान कर दिया। घटना के बाद उसे गंभीर हालत में शासकीय जिला अस्पताल ले जाया गया जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद उसे रेफर कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले नदीपार इलाके में गत देर शाम विवाद के बाद चाकू चल गई। दीपक साहू नामक युवक को आपसी विवाद के कारण अज्ञात युवकों ने चाकू मार दी। बताया जाता है कि हमलावरों ने दीपक के गले में चाकू से वार किया है। घटना के बाद घायल को अस्पताल ले जाया गया जहां से उसे कुछ देर बाद जबलपुर रेफर कर दिया गया। घायल की हालत बेहद नाजुक बनी हुई है। परिजनों ने कटनी के ही निजी अस्पताल में उसका इलाज शुरू करा दिया है। शहर के विभिन्न इलाकों में लगातार हो रही चाकू बाजी की घटनाएं बेहद चिंताजनक है। एक के बाद एक चाकू बाजी की घटनाओं ने लोगों में असुरक्षा की भावना पैदा कर दी है।

---

### बड़वारा क्षेत्र में प्रस्तावित है मुख्यमंत्री का आगमन, कांग्रेस ने कहा करेंगे प्रदर्शन

# हेलीपैड को लेकर हंगामाः एचटी लाइन व बच्चों के विरोध ने रोका निर्माण कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा





मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रस्तावित बड़वारा दौरे से पहले प्रशासनिक तैयारियों को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय मैदान में बनाए जा रहे हेलीपैड का बच्चों और स्थानीय नागरिकों ने विरोध करते हुए निर्माण कार्य रुकवा दिया। विरोध के पीछे जहां एक ओर हाई टेंशन विद्युत लाइन को सुरक्षा के लिहाज से खतरा बताया गया, वहीं दूसरी ओर बच्चों ने ग्राउंड की बार-बार खुदाई पर नाराज़गी जताई।

बच्चों का कहना है कि हर बार सीएम या किसी वीआईपी के दौरे पर मैदान को खोदकर हेलीपैड बना दिया जाता है, लेकिन उसके बाद उसकी मरम्मत नहीं होती। उन्होंने बताया कि मैदान को लेवल करने के लिए वे खुद चंदा इकट्ठा करते हैं और खेल अभ्यास करते हैं। ऐसे में बार-बार मैदान का उखाड़ा जाना उनके भविष्य से खिलवाड़ है। बच्चों ने विरोध करते हुए निर्माण कार्य रुकवा दिया।

घटना के वक्त मौके पर पीडब्ल्यूडी के एसडीओ विवेक श्रीवास्तव भी मौजूद थे, लेकिन बच्चों और स्थानीय लोगों के विरोध के आगे निर्माण कार्य रोकना पड़ा।

#### एचटी तार से सुरक्षा पर सवाल

जिस ग्राउंड में हेलीपैड बनाया जा रहा है, उसके ठीक ऊपर से हाई टेंशन विद्युत लाइन गुज़रती है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि मुख्यमंत्री की सुरक्षा के लिहाज से यह जगह उपयुक्त नहीं है। इसके बावजूद प्रशासन द्वारा इसी स्थान पर हेलीपैड निर्माण पर अड़े रहने को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं।

#### कांग्रेस ने लगाए आरोप

विवाद बढ़ता देख कांग्रेस भी मैदान में उतर आई। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विकास निगम ने प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा, यह मैदान स्टेट लेवल के खेलों का केंद्र रहा है। बच्चों के चंदे और मेहनत से तैयार किए गए मैदान को हर बार प्रशासन वीआईपी हेलीपैड के लिए खुदवा देता है, लेकिन बाद में कोई मरम्मत नहीं कराता। यह बच्चों के भविष्य और खेल संस्कृति से खिलवाड़ है। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस इस मुद्दे को लेकर प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन करेगी और ज़रूरत पड़ी तो कोर्ट का दरवाज़ा भी खटखटाएगी।

इस पूरे घटनाक्रम पर प्रशासनिक अधिकारियों ने अब तक कोई स्पष्ट बयान नहीं दिया है। सुरक्षा मानकों की अनदेखी और स्थानीय विरोध को दरकिनार कर हेलीपैड निर्माण को लेकर अब प्रशासन की मंशा पर सवाल उठने लगे हैं।

---

## रक्तदान व एड्स जागरूकता कार्यशाला का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शासकीय महाविद्यालय बरही में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं रेड रिबन क्लब द्वारा प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद सिंह के नेतृत्व में अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस एवं रक्तदान/एड्स जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में डॉ. अरविंद सिंह ने साक्षरता का महत्व समझाते हुए बताया कि इस वर्ष संपूर्ण विश्व में अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस 'डिजिटल युग में साक्षरता को बढ़ावा देना' थीम के तहत मनाया जा रहा है। जो आज हमें साक्षर होने के होने के साथ-साथ मीडिया और सूचना साक्षरता को भी पाठ्यक्रम में शामिल करने के लिए पुनर्विचार करने का समर्थन करता है। साथ ही कहा कि विश्व से एच.आई.वी. संक्रमण और एड्स को जन जागरूकता के माध्यम से ही पूर्ण रूप से समाप्त किया जा सकता है। जिसके लिए लोगों को एच.आई.वी. और एड्स के बारे में सही जानकारी दिए जाने की आवश्यकता है।

डॉ रश्मि त्रिपाठी ने रक्तदान के

**रक्तदान एवं एड्स से जुड़ी भ्रांतियों से संबंधित जानकारी देकर किया गया जागरूक**

महत्व के बारे में बताते हुए सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाने और प्रचलित भ्रांतियों को दूर करने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। जबकि डॉ के के विश्वकर्मा ने कहा कि रक्त का कोई कृत्रिम विकल्प नहीं है, इसलिए रक्तदान ही मानव जीवन बचाने का एकमात्र उपाय है। जिसके लिए 18 से 65 वर्ष की आयु के प्रत्येक स्वस्थ्य व्यक्ति जिनका वजन 45 किलोग्राम से अधिक हो, को रक्तदान के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए। वहीं प्राचार्य प्रो आर के त्रिपाठी ने बताया की आज की युवा पीढ़ी को एड्स से बचाव एवं रक्तदान के प्रति जागरूक करना हम सब की जिम्मेवारी है और हर व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए। ताकि जरूरतमंद लोगों को सही समय पर रक्त देकर उनकी जान बचाई जा सके।

कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन कार्यक्रम अधिकारी प्रियंका तोमर द्वारा किया गया।

---

## क्रशर प्लांट में महिला की मौत के बाद हुआ हंगामा, किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी





माधवनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बिछुआ स्थित क्रशर प्लांट में गुरुवार सुबह करीब 10 बजे हादसे में 40 वर्षीय महिला श्रमिक की मौत हो गई। महिला की मौत के बाद गुस्साए ग्रामीणों और मजदूरों ने फैक्ट्री के बाहर प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने लगी। मामले की जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची।

जानकारी के अनुसार चित्रबाई पटेल अपने पति के साथ फैक्ट्री में मजदूरी करती थीं। गुरुवार सुबह सुरक्षा उपकरणों की कमी और मशीन की तेज गति के कारण वह मशीन की चपेट में आ गईं। साथी मजदूरों ने तुरंत मशीन रोकी लेकिन तब तक चित्रबाई की जान जा चुकी थी। उन्हें नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया।

चित्रबाई के पति भाई पटेल ने आरोप लगाया कि फैक्ट्री में सुरक्षा के नाम पर कुछ नहीं है। न हेलमेट, न ग्लव्स, न ही इमरजेंसी बटन। मशीन की खराबी की शिकायत करने पर भी मैनेजर टालमटोल करते हैं। आज मेरी पत्नी चली गई। यह हादसा नहीं, हत्या है। हादसे की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण फैक्ट्री के बाहर जमा हो गए। 'फैक्ट्री बंद करो', 'मजदूरों की हत्या बंद करो' जैसे नारों के साथ प्रदर्शन शुरू हो गया। ग्राम प्रधान ने बताया, "पिछले साल भी यहां दो मजदूर घायल हुए थे, लेकिन प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की। फैक्ट्री मालिकों की रसूख के आगे सब चुप हैं। अब हम सड़कों पर उतरेंगे। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हालात को नियंत्रित किया और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। प्रारंभिक जांच में सुरक्षा मानकों की अनदेखी सामने आई है। एसपी ने जांच के आदेश दिए हैं। मजदूर संघ ने फैक्ट्री के खिलाफ एफआईआर और हाईकोर्ट में याचिका दायर करने की बात कही है। कलेक्टर ने शोक जताते हुए जांच का आश्वासन दिया है, लेकिन स्थानीय लोग इसे महज औपचारिकता मान रहे हैं।

---

## बरगवां में संचालित अवैध पैथोलॉजी को किया गया सील




अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कटनी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी के निर्देश पर अधिकारियों के दल ने जांच के बाद बरगवा में संचालित अवैध राधे पैथालाजी को सीलबंद कर दिया है। जांच दल के सदस्यों में नायब तहसीलदार (पहाड़ी) अतुलेश सिंह ,डॉ राजेन्द्र सिंह ठाकुर हड्डी रोग विशेषज्ञ जिला चिकित्सालय , जागेश्वर पाठक राजस्व अधिकारी नगर पालिका निगम के द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व चतुर्वेदी की उपस्थिति मे राधे पैथोलॉजी को सीलबंद किया गया । पैथोलॉजी की जॉच मे पाया गया कि पैथोलॉजी का संचालन आशीष मिश्रा के द्वारा किया जा रहा है, जो डीएमएलटी की ड्रिग्रीधारी, जॉच रिपोर्ट मे इनके द्वारा ही हस्ताक्षर किये जा रहे थे। पैथोलॉजी के पास न तो प्रदूषण विभाग का प्रमाण पत्र, न ही बायोमेडिकल बेस्ट निस्तारण सर्टिफिकेट और न ही पंजीयन प्रमाण पत्र पाया गया है। आशीष मिश्रा के द्वारा अनाधिकृत रूप से पैथोलॉजी का संचालन किया जा रहा है। जिस कारण से इनकी लैब को सील करने की कार्यवाही की गयी।

---

## बहोरीबंद ब्लाक के 26 विद्यार्थियों को मिली स्कूटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद




बहोरीबंद विकासखंड की होनहार प्रतिभाओं को सरकार की तरफ से विशेष उपहार गुरुवार को मिला। माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश भोपाल की कक्षा 12 वी की परीक्षा में स्कूल मै सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र -छात्रा को शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के तहत स्कूटी का उपहार मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के द्वारा दिया गया जिसके के लिए गुरुवार को बहोरीबंद विकासखंड के हायर सेकेण्डरी स्कूलों मै कार्यक्रम आयोजित किया गया जहाँ राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा गया। मुख्यमंत्री ने स्कूटी के लिए विद्यार्थियों के खातों में राशि अंतरित की। राशि खाते मे आते ही विद्यार्थियों के चेहरों मै मुस्कान आ गईं। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्लीमनाबाद में आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य पंडित प्रदीप त्रिपाठी ने कक्षा 12 वी की स्कूल टापर छात्रा आस्था दुबे 90 प्रतिशत ओर छात्र अंकित रैदास 89 प्रतिशत को स्कूटी की चाबी व स्वीकृति पत्र सौपा गया। इस दौरान गुड्डन सिंह, संकुल प्राचार्य डी के ठाकुर, जनशिक्षक डॉ दिलीप त्रिपाठी, अखिलेश पांडेय, यूइके मेडम, सविनय तिवारी,रेखा सिंह,कृष्णा दुबे सहित स्कूल स्टॉफ व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

विकासखंड शिक्षा अधिकारी मनोज गर्ग ने बताया कि बहोरीबंद विकासखंड के 13 हायरसेकेण्डरी स्कूल है जिनमें से कक्षा 12 वी के टापर 26 बालक व बालिका को स्कूटी के लिए राशि खातों मै मुख्यमंत्री ने अंतरित की जिसमें पेट्रोल स्कूटी के लिए 90 हजार रूपये ओर ई -स्कूटी के लिए 1 लाख 20 हजार रूपये की राशि मिली।

---

### पंचायत सेस्पॉन्सिव गवर्नेंस ग्रुप क्लस्टर वर्कशॉप का आयोजन

## मास्टर ट्रेनर ने ग्राम स्तर पर कार्य करने एवं एक्शन प्लान तैयार करने दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा



भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के निर्देशानुसार 10, 11 एवं 12, 13 सितम्बर तक विकासखंड बड़वारा में क्लस्टर स्तरीय आदि कर्मयोगी पंचायत रेस्पॉन्सिव गवर्नेंस ग्रुप (PRGG) ओरियंटेशन एवं वर्कशॉप का सफल आयोजन किया गया। समापन अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी एवं अध्यक्ष प्रमोद चतुर्वेदी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी/नोडल अधिकारी प्रभा टेकाम, बीपीओ उदय भान सिंह एवं ब्लॉक कोऑर्डिनेटर श्रीमती बबीता सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही।

अभियान के माध्यम से ग्राम पंचायतों में सेवा, समर्पण और संकल्प की भावना के साथ कार्ययोजनाएँ तैयार की जा रही हैं, ताकि प्रत्येक परिवार तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुँच सके।

वर्कशॉप के दौरान ब्लॉक मास्टर ट्रेनर्स ने पंचायत प्रतिनिधियों को ग्राम स्तर पर कार्य करने एवं विलेज एक्शन प्लान तैयार करने की विस्तृत जानकारी दी। कार्यशाला में पिछले दिवस के प्रशिक्षण का रीकैप, विभिन्न गतिविधियाँ एवं प्रतिभागियों का फीडबैक सम्मिलित किया गया। विशेष रूप से ग्राम विजन प्लान का मानचित्र तैयार कर पंचायतों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया।

कार्यक्रम के समापन पर सभी पंचायत प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने PRGG शपथ ली कि गांवों में विजन प्लान तैयार कर अंतिम छोर तक योजनाओं का लाभ पहुँचाने, गांव को समृद्ध एवं विकसित बनाने हेतु सहभागिता से कार्य करेंगे। आगामी दिनों में ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यशालाओं का आयोजन होगा तथा 2 अक्टूबर गांधी जयंती पर विशेष ग्राम सभाएँ आयोजित की जाएँगी।

इस आयोजन में ब्लॉक मास्टर ट्रेनर्स नरेंद्र तिवारी, श्रीमती ज्योति बर्मन, छात्रावास अधीक्षक संजय कुशवाहा, श्रीराम सरावगी एवं रमेश साहू का विशेष योगदान रहा।

---

### सरकारी भूमि को बचाने राजस्व विभाग के अधिकारी बने मूकदर्शक

# 6 एकड़ से अधिक भूमि पर तार फेसिंग कर किया अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



स्लीमनाबाद तहसील मुख्यालय स्थित भेड़ा रोड पोस्टमार्टम कक्ष के बाजू से लगी 6 एकड़ से अधिक भूमि जिसमें पूर्व में रक्षा विभाग की छावनी थी,उस भूमि पर समुदाय विशेष के द्वारा अवैध रूप से तार फेंसिंग कर कब्जा कर लिया गया। समुदाय विशेष के द्वारा अवैध रूप से 6 एकड़ भूमि पर कब्जा किये जाने के बाद हिन्दू समुदाय के लोगो मै भारी आक्रोश देखा जा रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि स्लीमनाबाद हल्का के खसरा नंबर 53 जिसका रकबा 1 एकड़ है जो हरदुआ हार में आता है, इस पर आधा एकड़ भूमि मुक्तिधाम ओर आधा एकड़ भूमि कब्रिस्तान दर्ज है जो पहले से प्रस्तावित है लेकिन खसरा नंबर 54 जिसका रकबा 2.72 हैक्टेयर है जो कि लगभग 6 एकड़ से अधिक भूमि है। उक्त भूमि पूर्व पर रक्षा विभाग की छावनी थी यहाँ ही आर्मी का कैंम्प लगता था जहाँ पर मुस्लिम समुदाय के द्वारा एकत्रित होकर अवैध रूप से तार फेसिंग कर कब्जा कर लिया गया है जबकि उक्त मार्ग पर ही थाना व तहसील कार्यालय है, जहाँ प्रतिदिन अधिकारियो का आना जाना रहता है लेकिन भूमि से अवैध कब्जा को हटाने की जुगत अधिकारी नहीं कर रहे है!

#### नहीं बची सरकारी भूमि

स्लीमनाबाद हल्के में पड़ी सरकारी भूमियों पर धीरे-धीरे अवैध रूप से कब्जा होते जा रहे है। कब्जा को हटाने राजस्व विभाग के अधिकारियो को शिकायत की जाती है लेकिन अधिकारी कब्जाधारियों पर बड़ी मेहरबानी दिखा रहे है। उक्त अवैध कब्जो को हटाने की जगह मात्र जुर्माना लगाकर खानापूर्ति कर ली जाती है। मतलब है राजस्व विभाग के अधिकारियों के संरक्षण से ही सरकारी भूमि का बंदरबाट हो रहा है।

स्लीमनाबाद मै सांदीपनि स्कूल (सी एम राइज स्कूल ) व साप्ताहिक हाट बाजार का निर्माण होना है उसके लिए राजस्व विभाग भूमि की उपलब्धता नहीं कर पा रहा है ओर जो भूमि है भी उससे अवैध कब्जा नहीं हटा पा रहा है। राजनीति के फेर मै जनप्रतिनिधि भी किसी भी समुदाय के पक्ष मै खुलकर नहीं आते ओर अंदर ही अंदर खेल खेलते रहते है।

#### कब्जा नहीं तों होगा उग्र प्रदर्शन

ग्रामीणों ने बतलाया कि आगामी दो-चार दिनों मै विधायक के नेतृव्य मै हिन्दू समुदाय की बैठक होगी जिसमें मुस्लिम समुदाय के द्वारा रक्षा विभाग की छावनी भूमि पर किये गये अवैध कब्जा को हटाने की रुपरेखा तैयार की जाएगी यदि प्रशासन कब्जा हटाने की प्रक्रिया स्वयं पूर्ण करता है तों ठीक नहीं फिर हिन्दू समुदाय सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करेगा। ग्राम पंचायत स्लीमनाबाद के द्वारा अवैध कब्जा को हटाने तहसीलदार, एसडीएम व कलेक्टर को लिखित शिकायत सौंप दी गई है वहीं हल्का पटवारी संजय बेन के द्वारा बताया गया कि मुस्लिम समुदाय के द्वारा किये गये अवैध रूप से कब्जा को हटाने को लेकर विस्तृत जाँच रिपोर्ट तहसीलदार को सौंप दी गई है।

#### इनका कहना है

इस संबंध में एसडीएम राकेश चौरसिया का कहना है कि स्लीमनाबाद उक्त भूमि पर मुस्लिम समुदाय के द्वारा किये गये अवैध कब्जा को लेकर मामला संज्ञान मै आया है। स्लीमनाबाद तहसीलदार को उक्त भूमि की विस्तृत जाँच कर प्रमुखता के साथ अवैध कब्जा को हटाया जाये इसके लिए निर्देशित किया गया है।

---



## शराब की अवैध बिक्री के विरोध में ग्रामीणों ने किया चकाजाम प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कुठला थाना अंतर्गत कैमोरी गांव के में गुरुवार को शराब की अवैध पैकारी के खिलाफ ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। बड़ी संख्या में महिलाएं और ग्रामीण सड़क पर उतर आए और पुलिस-प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। देखते ही देखते भीड़ ने सड़क पर चक्काजाम कर दिया, जिससे आवागमन घंटों बाधित रहा। सूचना मिलते ही कुठला पुलिस मौके पर पहुंची और समझाइश देकर जाम खुलवाया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में लंबे समय से खुलेआम अवैध शराब बिक रही है और पुलिस की मिलीभगत से शराब माफिया बेखौफ धंधा चला रहे हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही शराब की अवैध बिक्री पर रोक नहीं लगाई गई तो आंदोलन और उग्र रूप लेगा। पुलिस की समझाइश के बाद ग्रामीण माने।

### हितग्राही की अधूरी पड़ी कुटीर, गरीब सरकार से लगा रहे गुहार

# राशि नहीं मिलने से आधी अधूरी पड़ी हुई है हितग्राहियों की कुटीर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गैसाबाद

एक ओर जहां डबल इंजन की सरकार संपूर्ण देश एवं प्रदेशों में आवास हीनो को पीएम आवास योजना के तहत कुटीर देने के दावे कर रही है। वहीं दूसरी ओर भाई भतीजा बाद एवं बंदर बांट के चलते यह जनकल्याणकारी योजना भी धरातल पर उतनी सफल होती हुई नहीं दिख रही है।

सरकार द्वारा जितनी सफलता की कहानी मंचों पर से सुनाई जा रही हैं, ग्राम पंचायत गैसाबाद की पिछली पंचवर्षीय योजना में पंचायत द्वारा ऐसे लोगों को भी कुटीर प्रदान की गई थी जिनकी कुटीर का निर्माण छत पर दूसरी मंजिल के रूप में किया गया था जबकि शासन के स्पष्ट निर्देश हैं की कुटीर उसी को दी जाए जिसके पास रहने को घर नहीं है लेकिन जब कुटीर का निर्माण छत पर किया गया है तो यह सिद्ध होता है की हितग्राही के पास पहले से आवास मौजूद था। इतना ही नहीं कुछ लोगों को तो मुख्यमंत्री एवं पीएम आवास योजना के तहत दो दो बार कुटीरे प्रदान की गई हैं जबकि ग्राम में आज भी कुछ ऐसे हितग्राही हैं जिनके पास रहने को मकान नहीं है। खुले आसमान के नीचे बरसाती बांधकर जीवन यापन कर रहे हैं, लोग बताते हैं कि ग्राम में अभी तक समान वर्ग के लिए कुटीर का टारगेट नहीं आया है। सामान्य जाति के लोग जब सरपंच सचिव से कुटीर की मांग करते हैं तो पंचायत द्वारा यही जवाब दिया जाता है कि अभी सामान वर्ग का टारगेट नहीं है, अभी हाल ही में करीब 4 माह पूर्व जिन लोगों को कुटीर आवंटित की गई थी। उनकी एक दो किस्त डालने के बाद तीसरी और चौथी किस्त नहीं डाली गई राशि प्राप्त नहीं होने से हितग्राहियों की कुटीर आधी अधूरी पड़ी हुई है।

ग्राम के मकबूल खान राजकुमार पटेल खुशी लाल आदि ने हरिभूमि को बताया कि हम लोगों की अभी तक तीन किस्त डाली गई है। जबकि हम लोगों का निर्माणकारी स्लिप लेवल तक पहुंच चुका है छपाई एवं स्लिप का कार्य बाकी है राशि नहीं मिलने से हम लोगों का निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हो पा रहा है जिससे हमें असुविधा हो रही है।

हितग्राहियों ने पंचायत प्रशासन से आवास की शेष बची राशि खाते में डाले जाने की मांग की है। वहीं पंचायत प्रशासन का कहना है कि आवास की राशि पंचायत द्वारा नहीं डाली जाती ऊपर से ही आती है जैसे ही राशि प्राप्त होगी हितग्राहियों के खातों में डाल दी जाएगी।

### खबर संक्षेप

## नेशनल लोक अदालत के लिए 12 खंडपीठ का गठन

**पन्ना।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार शनिवार, 13 सितम्बर को जिला न्यायालय एवं कुटुम्ब न्यायालय पन्ना सहित तहसील न्यायालय पवई एवं अजयगढ़ मे नेशनल लोक अदालत आयोजित की जाएगी। इसके लिए कुल 12 खंडपीठ का गठन किया गया है। इनके माध्यम से राजीनामा योग्य विचाराधीन लंबित आपराधिक, चेक अनादरण, मोटर दावा दुर्घटना, दीवानी भू-अर्जन, पारिवारिक विवाद, भरण पोषण, घरेलू हिंसा इत्यादि प्रकरणों का निराकरण होगा। इसके अतिरिक्त विद्युत विभाग, सभी बैंक के ऋण वसूली, टेलीफोन विभाग के बिल सहित नगरीय निकायों पन्ना, देवेन्द्रनगर, अमानगंज, ककरहटी, गुनौर, पवई व अजयगढ़ के जलकर एवं संपत्ति कर से संबंधित सभी मामलों का निराकरण किया जाएगा। इसके लिए पक्षकारों को सूचना पत्र जारी किए गए हैं। सूचना पत्र प्राप्त नहीं होने पर भी पक्षकारों द्वारा नेशनल लोक अदालत में उपस्थित होकर प्रकरणों का निराकरण कराया जा सकता है।

## दमोह जिले में फिलहाल सर्वे कार्य नही हुआः कलेक्टर सिंह

**दमोह।** कलेक्टर मिशा सिंह ने स्पष्ट किया है कि सोशल मीडिया और आमजन के बीच यह चर्चा फैल रही है कि घटेरा के पास बड़ा क्षेत्र केन-बेतवा परियोजना से डूब में आ जाएगा। इस संबंध में उन्होंने कहा कि दमोह जिले में फिलहाल इस परियोजना से जुड़ा कोई सर्वे कार्य नहीं चल रहा है।

कलेक्टर सिंह ने बताया कि किसी भी प्रकार का सर्वे तभी संभव है जब नदी में जलस्तर कम हो और कार्ययोजना तैयार की जाए। इसके लिए संबंधित विभाग द्वारा बाकायदा सूचना और नोटिस जारी किया जाता है। वर्तमान में जिले में ऐसा कोई कार्य संपादित नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि परियोजना का प्रस्ताव घटेरा से आगे की ओर है, लेकिन दमोह जिले में इसकी गतिविधियां अभी प्रारंभ नहीं हुई हैं। कलेक्टर ने आमजन से अपील की कि वे व्हाट्सएप या अन्य सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही अफवाहों पर विश्वास न करें। कलेक्टर सिंह ने भरोसा दिलाया कि यदि भविष्य में इस संबंध में कोई कार्य प्रारंभ होता है तो पूरी जिला प्रशासन की टीम मौके पर मौजूद रहेगी और ग्रामीणों को समय पर सूचना दी जाएगी। इस संबंध में कार्यपालन यंत्री जल संसाधन पन्ना जो की केन-बेतवा लिंक परियोजना का कार्य देख रही हैं, ने बताया कि बरसात में अभी कोई काम नहीं हुआ हैं। सर्वे हो जाएगा उसके बाद में डीपीआर बनाकर दिल्ली सरकार को भेजा जाएगा। उनका कहना हैं वर्तमान में नदी में पानी हैं, अभी कुछ भी सर्वे का कार्य नहीं हो सकता। उनका यह भी कहना हैं नदी में पानी कम होने के बाद नदी का स्टेटा देखेंगे तब सर्वे का कार्य किया जायेगा। इसके पश्चात ही सर्वे की कार्रवाई आगे बढ़ेगी तब डीपीआर बनाया जाएगा।

## संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में लहराया परचम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में टाईम्स पब्लिक स्कूल के छात्र छात्राओं ने लहराया अपना परचम, संभागीय स्तर पर नेट बाल प्रतियोगिता का आयोजन 07.09.2025 से 09.09.2025 तक छतरपुर में हुआ। जिसमे टाईम्स पब्लिक स्कूल की छात्रा रक्षा ठाकुर, लिली राय, सूर्यांषी लोधी, कर्णिका मिश्रा, मीनाक्षी दुबे, नैंसी लोधी, रिया ठाकुर, भूमिका बाथम, पर्वनी तिवारी, पूर्वी पटेल ने इस प्रतियोगिता में भाग लेकर सेमीफाइनल में थर्ड रेंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। चयनित छात्राओं को 1 नवंबर 2025 में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय नेट बाल प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा । इस अवसर पर शाला के संचालक श्री डा. सुशील गुप्ता, प्रियांश गुप्ता और शाला के प्राचार्य अजय मिश्रा ने खेल शिक्षक शहबाज अली, कु. अंजली शर्मा और छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

## बहुउद्देशीय भवन के लिए 50 लाख रूपये स्वीकृत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विकास राज्यमंत्री लखन पटेल का बटियागढ़ के अखाड़ा परिसर में श्री श्री 1008 श्री बजरंग अखाड़ा समिति द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान अखाड़े के कलाकारों द्वारा राज्यमंत्री जी का अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा यह बहुत पुराना अखाड़ा हैं, वे हर वर्ष दशरहा के दिन यहां आते हैं, इतनी छोटी राशि से सभी के चेहरों पर ख़ुशी हैं, खुशी देखकर मन प्रसन्न हुआ, विकास के कार्य करना उनकी पहली प्रथमिकता हैं। उन्होंने कहा बटियागढ़ में 50 लाख रूपये की राशि स्वीकृत की गई जिससे एक भवन बनेगा, जिसमें सार्वजनिक हित के कार्य हो सकेंगें। विकास के कार्य हो जो आमजन के लिए लाभप्रद हो, ऐसा सरकार का प्रयास हैं। राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा उनका प्रयास हैं, विधानसभा क्षेत्र में एक केंद्रीय विद्यालय बने, प्रयास जारी हैं, अभी दिल्ली भी गया था, मंत्री जी से मिले थे, प्रयास हैं कि अगले सत्र से प्रारंभ हो जाए। उन्होंने यहां सीएम राइज स्कूल जिसे संदीपनी स्कूल कहते हैं स्वीकृत हो गया हैं। राज्यमंत्री श्री पटेल ने यहां अखाड़ा परिसर में टीन शेड बनवाने की घोषणा की। उन्होंने कहा जहां पर जो भी जरूरत हो, उसको पूर्ण करने का प्रयास किया जायेगा। इस अवसर पर पं. नरेंद्र व्यास, अरविन्द पटेल, कमल मिश्रा, पहलवान सिंह, कमलेश सिंह, राजेश चोरसिया, साधुराम चोरसिया, डीध्रुव धतुरहा, आनंद त्रिवेदी, रामावतार कुडेरिया, वलवान सिंह, वद्री विश्वकर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## गांव-गांव की चौपालों में नशा मुक्ति की गूंज

**बनवार।** नोहटा थाना क्षेत्र के अधिकांश गांवों में जहां कभी चौपालों पर और गलियों में तंज कसते हुए यह गूंज सुनाई देती थी कि "कौन सा शोक फरमाएंगे जनाब – गांजा या शराब", वहीं अब नशा मुक्ति का पैगाम सुनाई दे रहा है। इस बदलाव की सबसे बड़ी मिसाल कनेपुर गांव बना है, जहां आज भगवती मानव कल्याण संगठन के सहयोग से हनुमान मंदिर प्रांगण में हुई आमसभा ने शराब और गांजा दोनों पर पूरी तरह रोक लगाने का ऐतिहासिक फैसला लिया। सभा में सर्वसम्मति से तय किया गया कि गांव की सीमा में अब कोई शराब या गांजा न तो बनाएगा, न बेचेगा और न ही इसका सेवन करेगा। यदि कोई व्यक्ति शराब या गांजा बनाते या बेचते पकड़ा गया तो उस पर दस हजार रुपये का जुर्माना लगेगा। नशे में गाली-गलौज या हंगामा करने वालों से पांच हजार रुपये वसूले जाएंगे और ऐसे लोगों का सहयोग करने वालों पर ढाई हजार रुपये का दंड निर्धारित किया गया। गांव के इस निर्णय ने नोहटा थाना क्षेत्र के अन्य गांवों को भी सोचने पर मजबूर कर दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि कनेपुर जैसा छोटा गांव भगवती मानव कल्याण संगठन के सहयोग से नशा मुक्त समाज की राह पकड़ सकता है तो बाकी गांवों को भी इससे प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना चाहिए। महिलाओं और युवाओं ने इस फैसले का जोरदार स्वागत किया और कहा कि अब घर-परिवारों में अमन-चैन लौटेगा और बच्चों का भविष्य सुरक्षित होगा। इस आमसभा में पूर्व सरपंच सुमन उपाध्याय, जनपद उपाध्यक्ष रश्मि सिंह, भगवती मानव कल्याण संगठन की जिला सचिव उमा ठाकुर, सरपंच सचिव, पूर्व सरपंच तखत सिंह, नीरज उपाध्याय, पिंटू दुबे, प्यासी जी, उपसरपंच राकेश राय, उमेश सिंह सहित पूरा गांव मौजूद रहा।



## भगवान की और कभी कोई एक पग भी आगे बढ़ता है भगवान उसके लिए सौ पग आगे बढ़ाते हैं : किशोरी वैष्णावी गर्ग

**दमोह।** कथावाचक किशोरी वैष्णवी गर्ग जी ने बाल लीलाओं का वर्णन करते हैं, जैसे कि राजा परीक्षित को शुकदेव जी द्वारा सुनाई गई कथा और गोवर्धन लीला का प्रसंग, जिससे पितरों को शांति मिलती है और कथा सुनने वाले को आनंद की प्राप्ति होती है। श्रीमद् भागवत कथा में पंचम दिवस की कथा में भगवान श्रीकृष्ण के बाल्यकाल की लीलाओं का वर्णन किया जाता है। इस दिन गोवर्धन लीला का वर्णन होता है, जिसमें भगवान ने अपनी उंगली पर गोवर्धन पर्वत को धारण किया था। इंद्र का अभिमान तोड़ना कथा में इंद्र देव का अभिमान तोड़ने के प्रसंग का भी वर्णन होता है. श्रीमद् भागवत कथा सुनने और पढ़ने से पितरों को शांति मिलती है। शुकदेव जी द्वारा राजा परीक्षित को सुनाई गई कथा का भी उल्लेख किया जाता है। कथा सुनने वाले की मनोशांति बनी रहती है, और वह जीवन के दुखों से मुक्ति पाता है। श्रीमद् भागवत कथा के पंचम दिवस पर यह सिखाया जाता है कि मनुष्य को मालिक की इच्छा पर चलना चाहिए, और जो मालिक की इच्छा है, वही मेरी इच्छा है. इस प्रकार की कथा सुनने से जीवन में आनंद और संतुष्टि आती है. आज शुक्रवार को रुक्मणी श्रीकृष्ण विवाह होगा जाएगा। मुख्य यजमान श्रीमति गौरा बाई गोविंद प्रसाद सोनी ,हरिओम सोनी गणेश पुरम इमलाई फैक्टरी हटा नाका के पास में एवं समस्त सोनी परिवार ने कथा श्रवण करने की अपील की है।

## झाड़-फूक तंत्र-मंत्र करने वालों पर अब होगी कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

नगर तथा आसपास के ग्रामीणों को अगर बीमारी होने के अलावा गर्भवती महिलाओं और सर्पदंश के शिकार लोगों को अगर झाड़ फूक करने और तंत्र मंत्र करने बालों के यहां पीड़ित की मौत होती है तो उक्त झाड़ फूक और तंत्र मंत्र करने बालों पर पुलिस में एफआईआर दर्ज करवाकर मामला दर्ज कराया जाएगा। यह बात गुरुवार को तेन्दूखेड़ा एसडीएम सौरभ गंधर्व ने मीडिया से कही है। चुकी वर्तमान में कई लोग सर्फ दंश का शिकार होकर पहले झाड़ फूक करने बालों के यहां जाते है जिससे स्थिति बिगड़ जाती है। जब तक सर्फ दंश के शिकार स्वस्थ केंद्र पहुंचते है काल के गाल में समा जाते है। इसी तरह गर्भवती महिलाएं जो ग्रामीण परिवेश से होती है खासकर दूर दराज के इलाकों से बह दर्द होने पर झाड़ फूक करने बालों के यहां पहुंच जाती है और उक्त लोग जल्दी ठीक होने और नार्मल डिलेवरी का कहकर अस्पताल जाने से रोक देते है और गर्भवती महिलाएं मौत का शिकार हो जाती है। अगर उक्त महिलाओं और उनके परिजनों द्वारा जानकारी दी गई तो उक्त लोगों पर मामला दर्ज कराया जाएगा। सात ही ग्रामीणों और महिलाओं को दर्द होने पर और सर्फ दंश कर शिकार होने पर सीधे स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर इलाज करवाने की अपील की गई है जिससे इलाज से स्वास्थ्य होकर अपनी जान से हाथ न धोना पड़े।

## श्रीहरि विष्णु का धर्म की स्थापना के लिए हुआ था श्रीकृष्ण अवतार : पं. रवि शास्त्री

**दमोह।** स्थानीय जटाशंकर मंदिर परिसर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिवस में कथा व्यास आचार्य पंडित रवि शास्त्री महाराज ने भगवान श्री कृष्ण एवं बलराम जी के जन्म की कथा को सुनाया उन्होंने बताया कि श्री कृष्ण का जन्म मथुरा के कारागार में वसुदेव और देवकी के यहां भाद्रपद कृष्ण अष्टमी की मध्य रात्रि को हुआ था उन्हें कंस से बचाने के लिए वसुदेव ने आधी रात में ही यमुना पार गोकुल पहुंचाया जहाँ उनका पालन पोषण नंद और यशोदा ने किया कंस ने देवकी की पहली छह संतानों को मार डाला था द्वापर युग में मथुरा में कंस का राज था जो पापी था कंस ने अपने पिता उग्रसेन को गद्दी से हटाकर खुद को मथुरा का राजा घोषित कर दिया था कंस अपनी बहन देवकी से बहुत प्रेम करता था कंस ने देवकी का विवाह वसुदेव से कराया लेकिन विदाई के समय एक आकाशवाणी हुई कि देवकी का आठवां पुत्र ही कंस की मृत्यु का कारण बनेगा इस भय से कंस ने देवकी और वसुदेव को कारागार में बंद कर दिया। कंस ने देवकी और वसुदेव की पहली छह संतानों को जन्म लेते ही मार डाला क्योंकि उसे अपनी मृत्यु का डर था भाद्रपद कृष्ण अष्टमी की आधी रात को मथुरा के कारागार में देवकी के गर्भ से भगवान श्रीकृष्ण ने जन्म लिया उनके जन्म लेते ही कारागार के पहरेदार सो गए और फाटक अपने आप खुल गए वसुदेव श्रीकृष्ण को सूप में लेकर कारागार से निकल पड़े और यमुना पार गोकुल में नंद और यशोदा के घर पहुंचाया उसी समय माता यशोदा यहां एक कन्या ने जन्म लिया जो एक माया थी वसुदेव कृष्ण को यशोदा के पास सुलाकर उस कन्या को लेकर मथुरा आए कंस ने कन्या को छीनकर मारना चाहा लेकिन वह कन्या आकाश में उड़ गई और बोली तुझे मारने वाला तो वृज चौरासी में जन्म ले चुका है श्री कृष्ण जन्म को हर साल जन्माष्टमी के रूप में मनाया जाता है जो भक्तों के लिए अत्यंत शुभ और आनंद का दिन होता है बलराम जी का जन्म भाद्रपद भादोंमाह के कृष्ण पक्ष की षष्ठी तिथि को हुआ था कहीं-कहीं भाद्रपद शुक्ल पक्ष की षष्टि को भी भगवान बलराम का जन्म बताया गया है वे भगवान कृष्ण के बड़े भाई और शेषनाग के अवतार हैं उन्हें हल और मूसल से प्रेम था और वे हलधर के नाम से भी जाने जाते हैं उनकी जन्म को हलषष्ठी भी कहते है क्योंकि इस दिन हल की पूजा की जाती है।

## नर्मदा राय बने मध्य प्रदेश जायसवाल सर्ववर्गीय महासभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष

**बनवार।** दमोह में मध्य प्रदेश जयसवाल सर्ववर्गीय महासभा ने समाजसेवी नर्मदा राय को 2025 से 2028 की कार्यकारिणी समिति में वरिष्ठ उपाध्यक्ष म.प्र का पद सौंपा है। महासभा के राष्ट्रीय संरक्षक भारतलाल जायसवाल अशोक कुमार जायसवाल और राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकिशोर मोदी की अनुसंशा तथा महत्वपूर्ण बैठक में विचार-विमर्श के बाद यह निर्णय लिया गया। महासभा ने बम्होरी माला निवासी नर्मदा राय के समाजसेवी योगदान कर्मठता और सकारात्मक दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए। उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष रामअवतार जायसवाल प्रदेश महासचिव इंजीनियर सुरज कुमार जायसवाल और कोषाध्यक्ष प्रभु चरण जायसवाल ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएँ दी।



## 16 श्रृंगार के सामान से बनाए बुके



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

अग्रसेन जयंती पर महिला महासभा दवारा धर्मशालादमोह मध्य प्रदेश महिला महासभा प्रथम प्रतियोगिता बुके बनाओ प्रतियोगिता रखी गई जिसमें 16 श्रृंगार का प्रयोग करना था इस प्रतियोगिता के माध्यम से महासभा के द्वारा यह बताने का प्रयास किया गया है कि आज की आधुनिकता के दौर में हमें अपनी परंपरागत रीति रिवाज का विशेष ध्यान रखना है जो हमारी पहचान है इस प्रतियोगिता का आयोजन मध्य प्रदेश महिला महासभा के द्वारा किया गया तथा इस प्रतियोगिता के प्रायोजक श्रीमती अंजलि अग्रवाल और श्रीमती शैली अग्रवाल थी निर्णायक की भूमिका में श्रीमती सोनम राय और डॉक्टर प्रिया थी इस प्रतियोगिता में महिला एवं बच्चियों भाग लिया तथा इन्हें अग्रसेन जयंती पर पुरस्कृत किया जाएगा। मध्य प्रदेश महिला महासभा प्रतिवर्ष इसस अवसर पर एक से बढ़कर एक प्रतियोगिता कराती है इस तारतम्य में इस वर्ष यह प्रतियोगिता रखी गई है।

इस अवसर पर महासभा की प्रदेश उपाध्यक्षरमा अग्रवाल संभागीय अध्यक्ष विकास अग्रवाल संभागीय उपाध्यक्ष रितु अग्रवाल नगर अध्यक्ष अंजलि अग्रवाल महासभा महामंत्री सुमित्रा सचिव मंजू वंदना मीडिया प्रभारी निशा रिद्धि उपाध्यक्ष अंजलि संस्कृति मंत्री अर्चना सह मंत्री ज्योति अंजुला मंजुला प्रतिभा अनुषा आभा रीता ज्योति बबीता अंजलि सेल करना मंजू प्रियंका करुणा इस प्रतियोगिता में 16 महिलाओं ने ही भाग लिया 16 सिंगर की प्रतियोगिता थी और 16 महिलाओं ने भाग लिया। इसमें मृदुल राधा सीता रानी गरिमा रोशनी प्रीति रिद्धि अभिलाष निशा अंजलि पूजा बताओ चाहती चाहती महक मेरा अंजलि पिंकी आदि महिला और लड़कियों ने भाग लिया।

## सरपंच, सचिव एवं वाल्व आपरेटर की हुई कार्यशाला



**तेंदूखेड़ा।** मध्य प्रदेश जल निगम पीआईयू, दमोह अंतर्गत दमोह पटेरा और जबेरा तेंदूखेड़ा ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना के अंतर्गत गुरूवार को जनपद पंचायत तेंदूखेड़ा के 48 ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव एवं वॉल्वमेन के लिए जनपद पंचायत भवन में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में डॉ. मनोजराज प्रबंधक जल निगम द्वारा सचालन एवं संधारण के लिए प्रशिक्षण दिया गया एवं कार्यशाला मैं जनपद पंचयात तेंदूखेड़ा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मनीष बागरी ने सभी को जल जीवन मिशिन के गाइड लाइन से अवगत कराते हुए योजना के सम्बन्ध निम्न विन्दुओं पर चर्चा की गई योजना एवं विभाग की संरचना, राजपत्र में दिए गए दिशा निर्देशों, जल एवं स्वच्छता तदर्थ समितियों की भूमिका, जल निगम के कार्य में पंचायत की भूमिका, अंशदान एवं जलकर राशि एकत्रीकरण, पंचायत दर्पण पोर्टल के माध्यम से जलकर भुगतान, ग्राम पंचायत एवं वाल्वमेन के बीच अनुबंध, जल प्रबंधन, ग्रामीण स्तर पर योजना के संचालन-संधारण एवं प्रबंधन, पानी के दुरुपयोग एवं अवैध कनेक्शन रोकना, वाल्व ऑपरेटर के दायित्व एवं कार्यों आदि विषयों पर जानकारी एवं प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही मनीष बागरी ने मध्यप्रदेश शासन के राजपत्र का बाचन किया गया एवं जल जीवन मिशन योजना का ग्राम के अंदर कैसे संचालन एवं संधारण किया जाये उसकी संपूर्ण जानकारी दी गई। साथ ही शुक्रवार की शाम तक सभी अनुबंध तैयार कर कार्यालय में जमा करने के आदेश भी दिए। प्रशिक्षण उपरांत उपस्थित पंचायत प्रतिनिधियों एवं वॉल्वमेन की समस्याओं कठिनाइयों एवं समाधान पर चर्चा की गई। कुछ सुधार कार्य के लिए डॉ. मनोज राज द्वारा क्रियान्वयन एजेंसी को शीघ्र कार्य करने निर्देशित किया गया। कार्यशाला में प्रदीप नामदेव, एसक्यूसी से ओम विश्वकर्मा, भरत विश्वकर्मा, राहुल यादव, अखिलेश शुक्ला, एवं राहुल परिहार उपस्थित रहे।

## सेवा पखवाड़ा की तैयारियों को लेकर बैठक संपन्न

**दमोह।** जिला भाजपा कार्यालय में दीनदयाल नगर मंडल एवं दमयंतीनगर मंडद की आगामी 17 सितम्बर से दो अक्तूबर तक प्रस्तावित 'सेवा पखवाड़ा' की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित हुई। मुख्य वक्ता पूर्व जिला महामंत्री सतीश तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से प्रारंभ होने वाला यह सेवा पखवाड़ा सिर्फ कार्यक्रमों का आयोजन नहीं है, बल्कि प्रधानमंत्री, पंडित दीनदयाल उपाध्याय , महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के व्यक्तित्व, कृतित्व और जीवन मूल्यों से प्रेरणा लेकर समाज के गरीब, वंचित और शोषित वर्गों की सेवा का सुअवसर है। जिला महामंत्री अरूण तिवारी ने कहा कि अंत्योदय से राष्ट्रोदय' की भावना का साकार स्वरूप होगा। सेवा पखवाड़ा के दौरान स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर, प्रबुद्ध वर्ग संवाद, 'वोकल फॉर लोकल के तहत मेले-प्रदर्शनियां, युवाओं के बीच खेलकूद प्रतियोगिताएं, मैराथन और प्रधानमंत्री के जीवन पर प्रदर्शनी जैसे विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बैठक का संचालन महामंत्री अरूण सोनी एवं आभार प्रकट राजुल चौरहा ने किया। बैठक में जिला उपाध्यक्ष राघवेंद्र सिंह परिहार, मनीष तिवारी, जिला मंत्री भरत यादव, कार्यालय मंत्री देवकिनदंन पटेल, सह कार्यालय मंत्री दिलीप चौरसिया, जिला मीडिया प्रभारी प्रिंस जैन, मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र चौरसिया, रमाकांत वाजपेयी, अल्संपख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष साजिद रिजवी, पार्षद यशपाल राजपूत, नितिन चौरसिया, कृष्णा राज, प्रमोद विश्वकर्मा, राकेश गुरु, नगर महामंत्री अरूण सोनी, महेंद्र अहिरवार, उपाध्यक्ष राहुल पाठक, आशीष राय, विकास जैन, पार्षद बालकृष्ण यादव, राधा सोनी, आरती राय, हरिशंकर त्रिपाठी, राहुल ताम्रकार, वीरेंद्र साहू, सुनील राज, अखिलेश चौबे, अखिलेश सिंह, अभिषेक सोनी, राजुल चौरहा, गौरव चौरहा, गोलू सोनी, आशोक कंचन, मुकेश नामदेव, सादिक काजी सहित ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकताओं की उपस्थिति रही।

## खबर संक्षेप

### प्रकाश मोदी आज कुण्डलपुर आयेंगे

**दमोह।** राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग सलाहकार बोर्ड सदस्य प्रकाश मोदी आज 11 सितम्बर को रात्रि 11:55 बजे कुण्डलपुर आयेंगे और रात्रि विश्राम करेंगे। आप 12 सितम्बर को प्रातः 08 बजे श्री बड़े बाबा के दर्शन, अभिषेक और पूजन करेंगे। आप प्रातः 11 बजे कुण्डलपुर में भोजन करेंगे। श्री मोदी दोपहर 02 बजे कुण्डलपुर से दमोह के लिए प्रस्थान करेंगे। आप अपरान्ह 03 बजे कलेक्ट्रेट आयेंगे और अल्पसंख्यक समुदाय के सदस्यों के साथ बैठक लेंगे। राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग सलाहकार बोर्ड सदस्य श्री मोदी शाम 05 बजे विरागोदय क्षेत्र पथरिया के लिए प्रस्थान करेंगे। आप रात्रि 08 बजे पथरिया से दमोह आयेंगे और रात्रि विश्राम करेंगे। आप 13 सितम्बर को पथरिया में आचार्य विशुद्व सागर जी के दर्शन करेंगे। श्री मोदी ने 14 सितम्बर को आधा दिन पथरिया में आरिक्षत रखा हैं। आप शाम 05 बजे पथरिया से भाटापारा के लिए प्रस्थान करेंगे।

### एक साथ दो अर्थिया उठी तो हर किसी की आंख हुई नम

**जबेरा।** विगत दिवस जब मालथौन के समीप एक वाहन दुर्घटना में काल कवलित हुए एक ही परिवार के चार सदस्यों में से जबेरा निवासी दो सदस्यों सचिन सिंघई एवम उनकी पत्नी ऋतु सिंघई की एक साथ अर्थी उठी तो उपस्थित हर किसी की आंख नम थी। सभी दुखी एवम शोक संतप्त थे। पूरे गांव में सन्नाटा था। सभी के ज़ुबान से एक ही बात निकल रही थी कि जबेरा के ज्ञात इतिहास में यह पहली घटना है जब किसी एक ही परिवार के चार सदस्यों एवं सगे सम्बन्धियो की किसी दुर्घटना में एक साथ मृत्यु हुई हो और इस तरह पति पत्नी दोनों की एक ही साथ अर्थी उठी हो। अंतिम यात्रा में शामिल कोई भी व्यक्ति अपने आंसू किसी तरह रोक नही पा रहे थे। अंतिम यात्रा में शासन प्रशासन सहित सैकड़ों की संख्या में ग्राम के सभी समाज के सदस्य शामिल थे। शासन की ओर से जबेरा विधायक एवम संस्कृति एवम पर्यटन मंत्री के पिता भावसिंह लोधी, प्रशासन की ओर से तहसीलदार सोनम पांडे के निर्देश पर नायब तहसीलदार राजेश साहू एवम नायब तहसीलदार अटल वर्मा शामिल हुए दमोह से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रतन चंद जैन घाट पिपरिया शामिल हुए। अंतिम संस्कार के पश्चात प्रशासन की ओर से घायल अन्य सदस्यों चेतना सिंघई एवम मृत दम्पति की दोनों इलाजरत बेटियों के हाल चाल जानने जबेरा एस डी एम सौरभ गन्धर्व एवं सागर अपर कलेक्टर अविनाश रावत भाग्योदय तीर्थ हॉस्पिटल सागर पहुचे। वही अन्य संस्थाएं भी परिवार की मदद करने आगे आने लगी। जॉय विद्यालय परिवार ने चारों बेटियों की शिक्षा हेतु कक्षा आठवी तक अपने विद्यालय में पूर्ण निशुल्क शिक्षा प्रदान करने की घोषणा की।

यह योजना सुविधा के साथ ही छात्रों के आत्मविश्वास और सशक्तिकरण का भी प्रतीक: विधायक मलैया

# 160 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को स्कूटी वितरित

### यातायात नियमों का पालन करने दिलाई गई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह





मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा 7832 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को स्कूटी वितरण एवं सेनिटेशन एवं हाइजीन हेतु 20 लाख से अधिक बालिकाओं को 61 करोड़ से अधिक की राशि का अंतरण भोपाल स्थित कुशाभाऊ ठाकरे सभागार से किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह में विधायक दमोह जयंत कुमार मलैया, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल और भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे की गरिमामय मौजूदगी में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभांरभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित और माल्यार्पण कर किया गया। इस दौरान विधायक दमोह श्री जयंत मलैया ने प्रतीकात्मक स्वरूप मेधावी छात्राओं को स्कूटी का वितरण किया।

इस दौरान विधायक जयंत मलैया ने छात्राओं को स्कूटी की चाबियाँ सौंपीं। विधायक जयंत मलैया ने अपने संबोधन में कहा प्रदेश सरकार मेधावी छात्रों को स्कूटी प्रदान कर रही है, ताकि वे शिक्षा के क्षेत्र में और अधिक प्रगति कर सकें। स्कूटी मिलने से अब उन्हें विद्यालय आने-जाने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी। यह योजना केवल सुविधा नहीं, बल्कि छात्रों के आत्मविश्वास और सशक्तिकरण का प्रतीक है। उन्होंने यह भी कहा कि यह पहल शिक्षा के क्षेत्र में छात्राओं की भागीदारी को और बढ़ाएगी, जिससे वे समाज में अपनी पहचान मजबूत कर सकेंगी।

जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए प्रेरणादायक विचार व्यक्त किए। उन्होंने छात्रों को आगे की शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होने के लिए शुभकामनाएँ दीं, साथ ही जीवन मूल्यों और संस्कारों को साथ लेकर चलने की अपील की। उन्होंने कहा आप सभी आगे कॉलेजों में जाएंगे और बहुत से छात्र-छात्राएँ आईआईटी, जेईई, पीएमटी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करेंगे। आप कुछ भी करें, लेकिन अपने संस्कारों को कभी न भूलें। कलेक्टर मिशा सिंह ने आज के कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कोई विशिष्ट व्यक्ति नहीं, बल्कि हमारे छात्र-छात्राएँ स्वयं हैं, जिन्हें यह स्कूटी सौंपी जा रही है। कलेक्टर ने कहा यह स्कूटी आपको मिली है, और इसमें पीछे की एक सीट खाली होती है। जब आप आगे बैठें, तो मेरा आप सबसे आग्रह है कि अपने क्षेत्र के उस बच्चे को पीछे बैठाकर ले जाएँ जो कोचिंग या विद्यालय नहीं पहुँच पा रहा है। जब वह बच्चा अगले वर्ष टॉप करेगा, तो आपको धन्यवाद कहेगा, और वह भी यही परंपरा आगे बढ़ाएगा। इस तरह युवाओं की एक चेन बनेगी, और यही चेन जिले की सबसे प्रबल शक्ति बन सकती है। उन्होंने सभी छात्रों की जागरूकता की सराहना करते हुए कहा कि यदि भविष्य की राह में कोई कठिनाई आती है, तो शासन और प्रशासन हर समय आपके साथ खड़ा है।

कलेक्टर मिशा सिंह ने सुरक्षा पर विशेष बल देते हुए कहा स्कूटी के साथ आपको हेलमेट भी दिया गया है। जब तक हम ज्ञान को अपने जीवन की दिनचर्या में नहीं उतारते, तब तक वह अधूरा रहता है। हेलमेट पहनना सिर्फ सुरक्षा नहीं, बल्कि जिम्मेदार नागरिक होने की निशानी है।

भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा जीवन के इस पड़ाव पर आपका पहला कर्तव्य स्वयं, माता-पिता और परिवार के प्रति होना चाहिए। जो स्कूटी आज आपको मिल रहा है, उसका रिटर्न गिफ्ट सरकार को मत दीजिए, वह अपने माता-पिता और परिवार को दीजिए उनके सम्मान, सेवा और आज्ञा का पालन करें।

कार्यक्रम में कलेक्टर मिशा सिंह ने कक्षा 12 की छात्रा शिक्षा सिंह का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान परिवहन अधिकारी दमोह क्षितिज सोनी एवं यातायात टीआई दलबीर सिंह मार्को ने सभी को यातायात नियमों का पालन करने के उद्देश्य से शपथ दिलाई। इस अवसर पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा व सुना गया।

दमोह जिले में 160 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को स्कूटी का वितरण किया गया। जिले में 94 विद्यार्थियों ने ई-स्कूटी तथा 66 विद्यार्थियों ने पसंद की मोटराइज्ड स्कूटी के लिए उनके खाते में क्रमशः 01 लाख 20 हजार रुपए तथा 90 हजार रुपए स्कूटी क्रय हेतु प्रत्येक बच्चे को प्रदान किए गए हैं। कुल 82 छात्राओं तथा 78 छात्रों को स्कूटी प्रदान की गई। कार्यक्रम का संचालन डॉ आलोक सोनवलकर और एपीसी मोहन राय ने किया।

# दहशत का कारण बना दस फीट का मगरमच्छ आखिरकार पिंजरे में कैद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

सिंग्रामपुर और तेजगढ़ रेंज के बीच स्थित महुआखेड़ा जलाशय में डेरा जमाए बैठे दस फीट लंबे मगरमच्छ ने ग्रामीणों की नींद हराम कर दी थी। इंसानों और मवेशियों पर हमले की आशंका से पिछले एक महीने से पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ था। यही वही मगरमच्छ था जिसने हाल ही में एक बछड़े पर हमला कर उसका एक पैर जबड़े से दबाकर अलग कर दिया था। घायल बछड़ा फिलहाल बम्होरी में उपचाररत है। ग्रामीणों की लगातार शिकायतों के बाद वन विभाग ने इस मगरमच्छ को पकड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया। बुधवार को जलाशय किनारे पिंजरा लगाया गया और उसमें गोश्त रखकर निगरानी शुरू की गई। बीट गार्ड राजेंद्र चनपुरिया ने बताया कि जैसे ही मगरमच्छ पिंजरे में रखे गोश्त को खाने के लिए अंदर घुसा, ऑटोमैटिक खिड़कियां बंद हो गईं और वह कैद हो गया। लगातार दिन-रात की चौकसी और अथक प्रयासों के बाद गुरुवार दोपहर वन विभाग की टीम को आखिरकार सफलता मिली। दहशत का पर्याय बन चुका यह दस फीट लंबा मगरमच्छ अब पिंजरे में सुरक्षित कैद है। तेजगढ़ रेंजर नीरज पांडे ने बताया कि पकड़े गए मगरमच्छ को वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व के कोर क्षेत्र में सुरक्षित छोड़ा जाएगा, जहां उसका प्राकृतिक आवास है।

गौरतलब है कि महुआखेड़ा जलाशय के आसपास मगरमच्छ की मौजूदगी से ग्रामीण महीनों से दहशत में थे। खासकर हाल ही में हुए बछड़े पर हमले की घटना के बाद भय और बढ़ गया था। मगरमच्छ के पकड़े जाने के बाद अब क्षेत्रवासियों ने राहत की सांस ली है और जलाशय किनारे लोगों व मवेशियों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सकी है।

# दो किलो गांजा लिये आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

कोतवाली पुलिस ने दो किलो अवैध मादक पदार्थ गांजा लिए एक आरोपी को बस स्टैंड गिरफ्तार किया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक महोदय दमोह द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों को अवैध मादक पदार्थ के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया था जो श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन, अति० पुलिस अधीक्षक दमोह एवं नगर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष कुमार के नेतृत्व में मुखबिर सूचना तंत्र मजबूत किया जिसके तारतम्य में दिनाँक 10.09.2025 की दरम्यानी रात को मुखबिर सूचना के आधार पर बस स्टैण्ड दमोह मे रेड कार्यवाही कर आरोपी दीनाबंधु प्रधान पिता मनदिरा उर्फ मनोहर प्रधान उम्र 61 साल निवासी ग्राम सदईपुर, थाना वासुणी, जिला बौद्ध (उडीसा) के कब्जे से 2 किलो ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमती करीबन 30000/- रुपये का जप्त किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर आरोपी के विरुद्ध थाना कोतवाली दमोह में अपराध क्र. 702/2025 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। आरोपियो को माननीय न्यायालय पेश किय। सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारी / कर्मचारी में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष कुमार, सउनि अलजार सिंह, प्रआर. अभिषेक चौबे, प्र.आर. अजीत दुबे, प्रआर देवेन्द्र रैकवार, प्र. आर महेश यादव, आर. नरेन्द्र पटेरिया, आर. नवल किशोर यादव, यातायात आरक्षक धीरज राजपूत, आर. कृष्णकांत व्यास, आयुष मिश्रा आदि का सहयोग रहा।

### चंद घण्टो मे ही पांच साल की बच्ची को किया दस्तयाब

**दमोह।** कोतवाली पुलिस ने चंद घंटो में एक बच्ची को दस्तयाब किया। जानकारी के दि. दिनांक 11.09.25 को थाना कोवताली दमोह मे 05 साल की बच्ची के गुम होने की सूचना प्राप्त हुई जो थाना कोतवाली पुलिस द्वारा तत्काल मामले की गंभीरता को देखते हुये थाना कोतवाली मे अपराध 701/25 धारा 137(2) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। एवं पुलिस अधीक्षक महोदय दमोह के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय दमोह एवं नगर पुलिस अधीक्षक महोदय दमोह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष कुमार द्वारा बालिका की शीघ्र दस्तयाबी हेतु टीम गठित की गयी थी। पुलिस टीमे त्वरित कार्यवाही करते हुए तत्काल घटना स्थल पहुंची, घटना स्थल के आसपाल के लोगो से पूछताछ की गयी, बालिका की तलाश पतारसी हेतु टीमे शहर एवं शहर के आस-पास प्रथक प्रथक लगायी गयी जो तलाश पतारसी के दौरान तकनीकी साधनो की मदद से गुम बालिका का सुराग मिला जो त्वरित कार्यवाही करते हुए चंद घण्टो मे ही कोतवाली पुलिस द्वारा नाबालिक बच्ची को दस्तयाब कर परिजनो को सुपुर्द किया गया है। सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारी / कर्मचारी थाना प्रभारी कोतवाली निरी. मनीष कुमार, थाना प्रभारी अजाक राबेन्द्र बागरी, सायबर सेल टीम प्र.आर. सौरभ टंडन, आरक्षक नरेन्द्र पटेरिया, आयुष मुश्रा, जितेन्द्र, प्रदीप चौधरी, धर्मेन्द्र, कृष्णकुमार, प्रमोद, दीपक नामदेव आदि का सहयोग रहा।

# बंधा ग्राम पंचायत की हरिजन महिला सरपंच को हटाने की कोशिश नाकाम

### पंचों ने अविश्वास प्रस्ताव के साथ दिए थे शपथ पत्र, लेकिन कार्रवाई के दिन मौके से पंच नदारत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रनेह



हटा जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत बंधा की हरिजन महिला सरपंच को पद से हटाने की कोशिश नाकाम रही। पीठासीन अधिकारी शिवराम चढ़ार नियत समय पर ग्राम पंचायत भवन बंधा में पंचों का इंतजार करते रहे मगर पंच नहीं पहुंचे। पंचों की कुर्सियां खाली डाली रही। ग्राम पंचायत बंधा में महिला सरपंच को हटाने के लिए ग्राम पंचायत के पंचों द्वारा हटा अनुविभागीय अधिकारी के समक्ष अपने शपथ पत्र प्रस्तुत किए लेकिन कोरम के अभाव में यह अविश्वास प्रस्ताव की कार्यवाही भी समाप्त हो गई। मामला ग्राम पंचायत बंधा का है जहां महिला सरपंच श्रीमति नन्नीबाई अहिरवार के खिलाफ ग्राम पंचायत के 13 पंचो में से 10 पंचो द्वारा विगत दिनों अनुविभागीय अधिकारी राकेश मरकाम को सरपंच के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के लिए शपथ पत्र सौंपे गए थे जहां एसडीएम द्वारा ग्राम पंचायत बंधा में इस कार्यवाही के लिए 10 सितम्बर सुनिश्चित कर नायब तहसीलदार हटा शिवराम चढ़ार को पीठासीन अधिकारी नियुक्त कर कार्यवाही संपन्न कराए जानें निर्देषित किया गया। जहां बुधवार के दिन पीठासीन अधिकारी श्री चढ़ार पुलिस बल के साथ ग्राम पंचायत भवन बंधा पहुंचे। जहां कार्यवाही प्रक्रिया प्रारंभ कर नियत समय पर ग्राम पंचायत के 13 पंचों में से 02 पंच ही उपस्थित रहे जिसमें कोरम के अभाव में कार्यवाही स्थगित की गई। जिससे अविश्वास प्रस्ताव का दम भरने वाले पंचगण असफल साबित हुए।अविश्वास प्रस्ताव की प्रक्रिया का पंचगणों के द्वारा मजाक उड़ाया गया अविश्वास प्रक्रिया को असफल करने में बंधा के नागरिकों के साथ ही भवानी पटेल सरपंच काईखेड़ा, शालिगराम नामदेव रनेह की भूमिका रही।

#### इनका कहना है

मुझे पीठासीन अधिकारी नियुक्त कर ग्राम पंचायत के अविश्वास प्रस्ताव पर कार्यवाही प्रक्रिया संपन्न कराए जाने के समय सिर्फ 2 पंचों की उपस्थिति रही। जिससे तय समय बीत जानें के उपरांत इस अविश्वास प्रस्ताव का मामला समाप्त किया गया।

**शिवराम चढ़ार,**
**पीठासीन अधिकारी**

कलेक्टर के आदेश के बाद भी एमपी आरडीसी विभाग ने नहीं किया सुधार कार्य

# मुख्य सड़क गड्डों में हुई तब्दील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



इन दिनों हटा से दमोह पन्ना मुख्य मार्ग गड्डों में तब्दील हो गया है। जिसके चलते राहगीरों को आवाजाही करने में अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उक्त सड़क वर्षों से अपने विकास की राह देख रहा है क्योंकि यह सड़क निर्माण कार्य हेतु केंद्र सरकार द्वारा टेंडर भी जारी कर दिया गया है लेकिन निर्माण कार्य शुरू होने के पूर्व विगत सप्ताह कलेक्टर द्वारा सड़क सुधार कार्य हेतु एमपी आरडीसी को निर्देशित किया गया था और कहा गया था कि एक सप्ताह में सुधार कार्य शीघ्र प्रारंभ करें। लेकिन एमपी आरडीसी विभाग के अधिकारियों की मनमानी के चलते आज तक सुधार कार्य प्रारंभ नहीं किया गया जिससे नगर में दमोह नाका से पन्ना नाका तक सड़क जहां गढ्ढों में तब्दील हो गई है सड़क पर आए दिन राहगीर दुर्घटनाग्रस्त होते हैं। कई वर्ष पूर्व बना यह मुख्य मार्ग इतना जर्जर हो गया है कि सड़क में गड्डे. हैं या गड्ढे. में सड़क, ये तय करना पाना भी मुश्किल हो रहा है। बारिश के दिनों में सड़क पर कीचड़ व पानी भरने से लोगों को इस सड़क से गुजरना मुश्किल हो रहा है, साथ ही दुर्घटना की भी आशंका बनी रहती है। कई बार लोग इस सड़क से गुजरने के दौरान चोटिल हो चुके है, कईयों को तो जान भी गंवानी पड़ी। स्थानीय लोगों के अनुसार हटा विधानसभा व जिले के बड़े-बड़े जनप्रतिनिधि सिर्फ बड़े-बड़े वादे करते हैं, लेकिन यहां का विकास नहीं करते। इस सड़क पर आए दिन राहगीर दुर्घटनाग्रस्त होते हैं। साल में इस सड़क पर विभाग द्वारा पेंच वर्क का कार्य भी रस्म अदायगी के साथ किया गया जिसका करोड़ों रुपया सड़क सुधार के नाम पर खर्च किया गया लेकिन स्थिति जस की तस रही।

### एमपी आरडीसी विभाग की लापरवाही

ऐसा नहीं है कि जनप्रतिनिधि व अधिकारी इस सड़क की स्थिति से वाकिफ नहीं है या इस सड़क से होकर गुजरते नहीं है। आए दिन सभी राजनीतिक दलों के वीवीआईपी जनप्रतिनिधि भी इसी मार्ग से गुजरते हैं, लेकिन हालात दिखाई देने के बाद भी स्थिति जस के तस है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मानें तो सड़क निर्माण नहीं होने के पीछे सबसे बड़ी लापरवाही एमपीआरडीसी विभाग की है। स्थानीय लोगों के मुताबिक लगभग 40 किलोमीटर हटा से दमोह एवं हटा से सिमरिया तक यह मार्ग अत्यधिक क्षतिग्रस्त हो गई है। लोगों ने शासन-प्रशासन से शीघ्र सड़क मरम्मत किए जाने की मांग की है।

# चैक बाउंस के प्रकरण में आरोपी दोषमुक्त

**दमोह।** न्यायालय अनुप्रेक्षा जैन न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी दमोह न्यायालय ने चैंक बाउंस के मामले में आरोपी को दोषमुक्त कर दिया। अदालत ने कहा कि परिवादी यह सिद्ध करने में असफल रहा कि विवादिक चैंक विर्थिक ऋण दायित्व हेतु नहिं दिया गया। मामले के अनुसार झा एडं कंस्ट्रक्शन द्वारा जबेरा में सड़क निर्माण कार्य के दौरान झा एवं कस्ट्रक्शन कंपनी प्रो.प्रा. लोकेश कुमार पिता सुरेश चंदा झा निवासी वी. 2 आरजूपुरा ताजगंज आगर उ.प्र. जबेरा स्थित ओम समृद्धि फिलिंग स्टेशन से डीजल लिया गया। आरोप है कि 7600 लीटर डीजल भुगतान तीन लाख रूपये के चैक बैंक ऑफ बड़ौदा सारग से किया गया। परिवादी मेर्सस ओम समृद्धि फिलिंग जबेरा की प्रो.ब्रा. सोनल राय पति संजय राय निवासी टंडन बगीचा सिविल वार्ड नं 9 दमोह द्वारा यह चैक यूनियन बैंक दमोह में जमा किया जो बाउंस हो गया। नोटिस बावजूद आरोपी ने जबाव नहीं दिया। मामले की सुनवाई के दौरान आरोपी ने उधारी के संबंध में कोई अनुबंध या बिल प्रस्तुत नहीं किया और न ही बाहनो में डीजल अनुबंध या बिल की इतनी बडी राशि की उधारी अस्वाभाविक है तथा परिवादी यह प्रमाणित करने विफल रहा कि चैक दायित्व के निर्वहन हेतुं दिया था। इस आधार पर न्यायालय में आरोपी को दोषमुक्त कर स्वंतत्र कर दिया आरोपी की ओर से पैरवी सतीश अधिवक्ता मनीष चौबे ने की।

# भाजपा नेता बद्री पटेल के निधन से शोक की लहर



**पटेरा।** जनपद पंचायत के पूर्व अध्यक्ष, क्षेत्र के प्रभावशाली भाजपा नेता बमनपुरा ग्राम निवासी बद्री पटैल का गुरूवार को प्रातः अचानक ह्दयगति रूक जाने से निधन हो गया। सरल सहज स्वभाव के धनी क्षेत्र के विकास के लिये सदैव सजग बद्री पटैल के निधन की खबर सुनते ही संपूर्ण क्षेत्र में शोक व्याप्त हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार वह गुरूवार की सुबह मार्निंग वाक पर थे अचानक उन्हे तेज पसीना घबडाहट व सीने में दर्द होने लगा जिससे पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पटेरा लाया गया जहां वह स्वयं डॉक्टरो से बात करते रहे। थोडी देर बाद पुनः घबराहट होने पर उन्हे दमोह रिफर कर दिया गया जहां डॉक्टरो ने मृत घोषित कर दिया। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है। उनके अंतिम संस्कार में क्षेत्र के प्रभावशाली नेताओं के साथ ही अधिकारी कर्मचारी, सभी वर्ग के नागरिक व भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुये जिन्होने दिवंगत आत्मा को शांति एवं परिवार को दुख सहने की प्रार्थना कर श्रद्धांजलि अर्पित की। पटेरा क्षेत्र की राजनीति में करीब दो दशक से सक्रिय बद्री पटैल की कमी खलती रहेगी।

# किसान संघ ने 48 मांगो को लेकर सौंपा ज्ञापन




**तेंदूखेड़ा।** भारती किसान संघ तेंदूखेड़ा के पदाधिकारियों एवं किसानो ने मुख्यमंत्री एवं प्रधान मंत्री के नाम ज्ञापन नायब तहसीलदार चंद्रशेखर शिल्पी को दिया है। ज्ञापन में राज्यशासन से 31 मांगे एवं केंद्र शासन से 17 मांगो का उल्लेख किया है। जैसे फसल बीमा में दावा राशि के भुगतान में पारदर्शिता, सभी कृषि उपज मंडियो मे समर्थन मूल्य पर विक्रय हो, सोयाबीन के समर्थन मूल्य पर खरीदी के पंजियन चालू हो, विकास खंड में प्रति एकड 8 क्विंटल की खरीदी हो, प्र्याप्त उर्वरको की उपलब्धता हो, खरीप की फसलो की अतिवृष्टि एवं अन्य कारणो से होने बाले नुकसान पूर्ति की जाए, कृषि यंत्रो पर अनुदान एवं कोटा बढाया जाए। भारतीय गौवंश एवं दुग्ध उत्पादन को प्रोत्साहन देने के लिए देसी गाए के दूध पर 10 रूपए प्रति लीटर प्रोत्साहन राशि दी जाए। बंद पडी कृषि उपज मंडियो को चालू की जाए। बंद सिचाई योजनाओ को चालू की जाए। ऐसी कुल 48 मांगे की गई है। ज्ञापन देने के दौरान अनेक किसान मोजूद थे।